nt>

Title: Need to provide for stoppage of Ashram Express at Rajgarh Railway Station in Rajasthan. − Laid.

**डॉ. करण सिंह यादव (अलवर) :** अध्यक्ष महोदय, गाड़ी नं0 2916 अप आश्रम एक्सप्रेस दिल्ली से सायं 4.00 बजे रवाना होकर अलवर-जयपुर होते हुए अहमदाबाद जाती है और गाड़ी नं0 2915 डाउन आश्रम एक्सप्रेस अहमदाबाद से इसी रास्ते होते हुए लौटकर दिल्ली आती है। यह गाड़ी जाते समय लगभग सांय 6.13 बजे अलवर और दौसा के बीच पड़ने वाले राजगढ़ स्टेशन पर से गुजरती है और गाड़ी नं0 2915 डाउन प्रातः 6.30 बजे भी राजगढ़ स्टेशन से गुजरती है। वर्तमान में इस गाड़ी का ठहराव राजगढ़ स्टेशन पर नहीं है। राजगढ़ से दिल्ली की ओर जाने वाले सैंकड़ों यात्रियों, व्यापारियों एवं अलवर-दिल्ली में नौकरी करने वाले यात्रियों के लिए इस गाड़ी का ठहराव न होने से वहां की जनता को भारी असुविधा रहती है।

एक तथ्य यह भी है कि लगभग 90 प्रतिशत ऐसा होता है कि पूजा एक्सप्रेस की क्रॉसिंग के लिए इस गाड़ी को राजगढ़ में ठहरना भी पड़ता है।

मेरे क्षेत्र की जनता की ओर से मेरी केन्द सरकार से प्रार्थना है कि इस गाड़ी का 2 मिनट का ठहराव राजगढ़ (अलवर) में करवाने की कृपा करें।